## एक नजर में



### 15 वर्षीय सौम्या ने लिया श्रमदान का संकल्प

**भैरुंदा.** पर्यावरण संरक्षण और धार्मिक स्थलों की पवित्रता बनाए रखने के उद्देश्य से रविवार को महिला मंडल द्वारा एक सराहनीय पहल की गई. 15 वर्षीय बालिका सौम्या राय ग्यारहवीं कक्षा में पढ़ती है उसके संकल्प से यह अभियान शुरू हुआ है. मंडल की महिलाओं ने घाट पर फैले प्लास्टिक, पुराने वस्त्र, पूजन सामग्री और अन्य कचरे को साफ किया. एकत्र किए गए कचरे का सुरक्षित निपटान भी किया गया ताकि नदी का जल और घाट का वातावरण प्रदूषित न हो. अभियान के दौरान उपस्थित रचना ने सभी महिलाओं और उपस्थित श्रद्धालुओं को स्वच्छता का संदेश दिया.



### जनगणना कार्य में जिले के 2299 ब्लॉक्स का कार्य पूर्ण

**सीहोर.** जिले में जनगणना कार्य लगातार प्रगति पर है. प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार जिले में कुल 2405 हाउस लिस्टिंग ब्लॉक्स में कार्य निर्धारित किया गया था, जिसमें से 2299 ब्लॉक्स का कार्य पूर्ण हो चुका है तथा 106 ब्लॉक्स में कार्य प्रगति पर है. जिले में अभी कोई भी कार्य लंबित नहीं है. जनगणना प्रभारी अधिकारी जमील खान ने बताया कि सर्वाधिक 347 आष्टा तहसील में दर्ज किए गए, जिनमें से 334 पूर्ण तथा 13 प्रगति पर हैं. वहीं सीहोर ग्रामीण तहसील के सभी 316 का कार्य पूर्ण कर लिया गया है. श्यामपुर में 159 में से 154 कार्य पूर्ण हुए हैं, जबकि 5 प्रगति पर हैं. सीएमओ सीहोर क्षेत्र में 157 में से 123 कार्य पूर्ण तथा 34 प्रगति पर हैं. भैरूंदा नगर परिषद क्षेत्र में 43 में से 30 कार्य पूर्ण हुए हैं. जिले में कुल 4 लाख 34 हजार 105 जनगणना मकानों का आंकड़ा दर्ज किया गया है.



### क्रिसेंट रेजीडेंसी कॉलोनी के अध्यक्ष बने सोनी

**सीहोर.** क्रिसेंट रेजिडेंसी में रविवार को रहवासियों की समिति का गठन किया गया. मुख्य अतिथि विधायक सदेश राय उपस्थित थे. सर्वसहमति से रहवासियों द्वारा कॉलोनी समिति का अध्यक्ष समाजसेवी सतीश सोनी को चुना गया. विधायक सुदेश राय ने कहा कि एक मजबूत और संगठित समिति किसी भी आवासीय परिसर के बेहतर संचालन एवं विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है. समिति के माध्यम से समाज के नियम, व्यवस्थाएं एवं विकास कार्य और अधिक प्रभावी रूप से संचालित किए जा सकेंगे. रहवासियों ने नई समिति के साथ मिलकर सुव्यवस्थित एवं बेहतर सोसायटी निर्माण के लिए कार्य करने का संकल्प लिया.

# कचरे से निकली चिंगारी से हुआ गैरेज स्वाहा

## रविवार सुबह आष्टा स्थित बायपास पर एक मैकेनिक के गैरेज में लगी आग से लाखों का नुकसान

- आग की लपटों में गैरेज में खड़ी गाड़ियां व अन्य सामान खाक
- एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका

नवभारत न्यूज

**सीहोर/आष्टा 17 मई. रविवार की सुबह भोपाल-इंदौर बायपास स्थित एक गैरेज में आग लग जाने से लाखों रुपए का नुकसान हो गया. गैरेज के पीछे सुलग रहे कचरे से उड़ी चिंगारी की चपेट में आए गैरेज में खड़ी कई गाड़ियां जलकर खाक हो गईं तो अन्य सामान भी पूरी तरह स्वाहा हो गया. भीषण आगजनी के दौरान नपा की उदासीनता ने भी लोगों को आक्रोशित कर दिया था. जब गैरज आग के शोलों से घिरा हुआ था तब वहां खड़ी दमकलों में पानी ही नहीं था.**

तहसील मुख्यालय आष्टा के बायपास मार्ग स्थित एक मैकेनिक के गैरेज में रविवार की सुबह 7.30 बजे अचानक आग लग गई. जब तक लोगों की नजर आग पर जाती तब तक पूरा गैरेज काले घने धुएं से घिर उठा था और उसमें से आग की लपटें नजर आने लगी थीं. पल-प्रतिपल तेज होगी आग की लपटों को देखकर वहां अफरा तफरी का माहौल निर्मित हो गया था और लोगों की भीड़ जमा हो गई थी. इस दौरान गैरेज में खड़ी



**आष्टा.** रविवार की सुबह बायपास चौराहे पर गैरेज में लगी भीषण आग की लपटें और काला घना धुआं काफी दूर से देखा जा रहा था.

गाड़ियों के टायर धमाके की आवाज के साथ फूटते रहे. आग का विकराल रूप देख लोगों द्वारा नपा के दमकल विभाग को सूचना दी, लेकिन विडम्बना कि आधा घंटे तक दमकल मौके पर नहीं पहुंच सकीं. पता चला कि एक दमकल पंचर खड़ी है तो दूसरी की चाबी नहीं मिल रही है. जैसे तैसे दमकल आई तो पानी खत्म हो गया. मजबूर होकर लोगों ने निजी टैंकर बुलाकर आग पर काबू पाने के जतन किए. इसके बाद कोठरी से आई दमकल ने भी आग बुझाने में सहयोग किया. सुबह 7.30 से लेकर 8.30 बजे तक आग का तांडव चलता रहा.

### पीड़ित पक्ष का युवक खुद दमकल को स्टार्ट करके लाया

आसमान छूती आग की लपटों को देखकर जब लोगों द्वारा नपा को सूचना दी तो नपा की खामियां उजागर हो गईं. भीषण आग ने नपा के आपदा प्रबंधन की धज्जियां उड़ाकर रख दीं. नपा की लापरवाही के कारण ग्राहकों की 15 से 20 गाड़ियां कबाड़ में तब्दील हो गईं. पीड़ित गैरेज संचालक ने नवभारत को बताया कि नपा की दमकलों का यह हाल है कि एक फायर ब्रिगेड पहले से पंचर लावारिस खड़ी थी, जबकि दूसरी गाड़ी की चाबी ही नपा कर्मियों को नहीं मिल रही थी. अंत में पीड़ित पक्ष के एक युवक को खुद गाड़ी को स्टार्ट करवाकर मौके पर लाया.

### मौके पर नहीं पहुंचे जिम्मेदार अधिकारी

भीषण आगजनी में गैरेज मालिक तबाह हो गया, लेकिन नगर पालिका अध्यक्ष या प्रशासन का कोई भी जिम्मेदार अधिकारी उसका दर्द सुनने मौके पर नहीं पहुंचा. ऐसे में जनता का गुस्सा नपा अध्यक्ष और प्रशासनिक अधिकारियों के खिलाफ सातवें आसमान पर है. दुकान मालिकों और स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यह हादसा नहीं, बल्कि नगर पालिका द्वारा बरती गई घोर लापरवाही है. अगर फायर ब्रिगेड समय पर पानी से भरी और मुस्तैद हालत में आती तो ग्राहकों की गाडियों को खाक होने से बचाया जा सकता था.

### पांच मिनट में ही खत्म हुआ फायर ब्रिगेड का पानी

नगर पालिका की नाकामी का तमाशा यहीं खत्म नहीं हुआ. पीडित गैरेज संचालक के मुताबिक जो दमकल जैसे-तैसे मौके पर पहुंची, उसमें पानी का प्रेशर और मात्रा इतनी कम थी कि महज 5 मिनट में ही टैंक खाली हो गया. इसके बाद वह दमकल पानी रीफिल करने के नाम पर जो निकली तो अगले आधे घंटे तक वापस ही नहीं लौटी. इस बीच गैरेज में खड़ी गाड़ियां एक-एक कर आग की भेंट चढ़ती रहीं और नपा का अमला मूकदर्शक बनकर देखता रहा. स्थानीय लोगों और पीडितों ने खुद अपनी जेब से पैसे खर्च कर टैंकर बुलवा और कोठरी से आई दूसरी दमकल की मदद से जैसे-तैसे आग पर काबू पाया जा सका.

## स्कॉर्पियो पर लगा था हूटर, काटा चालान



**जावर.** प्रतिबंध होने के बाद भी वाहन पर हूटर लगाना और कांच पर काली फिल्म लगवाना कजलास के युवक पर भारी पड़ गया. पुलिस ने उस पर 3500 रुपए की चालानी कार्रवाई कर दी है. एसपी सोनाक्षी सक्सेना के निर्देशन मेंयातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है. इसी क्रम में जावर पुलिस ने हूटर एवं काली फिल्म लगाकर वाहन चलाने वाले स्कॉर्पियो चालक के विरुद्ध चालानी कार्रवाई करते हुए 3500 रुपए का समन शुल्क वसूला. थाना प्रभारी हेमंत पाण्डेय के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई. पुलिस ने जावर जोड़ के पास काले रंग की स्कॉर्पियो क्रमांक एमपी 09 सीटी 3126 को जांच के दौरान रोका गया. वाहन में हूटर एवं ब्लैक फिल्म लगी मिलने पर वाहन चालक राहुल पिता सूरज सिंह सेंधव निवासी कजलास को वाहन सहित थाना लाया गया. पुलिस ने चालक के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट की धारा के तहत वाहन में हूटर-सायरन का उपयोग करने पारदर्शी सुरक्षा शीशा नहीं होने पर कार्रवाई की. विभिन्न धाराओं में कुल 3500 रुपए का चालानी समन शुल्क वसूला गया.

## 20 को बंद रहेंगे जिले के मेडिकल स्टोर

नवभारत न्यूज

**भैरूंदा 17 मई.** ऑनलाइन दवा बिक्री और कॉर्पोरेट घरानों द्वारा दी जा रही भारी छूट के विरोध में ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स के आह्वान पर 20 मई को देशव्यापी बंद रहेगा. इसका असर भैरूंदा क्षेत्र में भी देखने को मिलेगा.

जिला दवा विक्रता संघ ने इस हड़ताल को अपना पूर्ण समर्थन देते हुए जिले की सभी दवा दुकानों को बंद रखने का निर्णय लिया है. स्थानीय मेडिकल संचालकों के मुताबिक दवा विक्रेताओं ने केंद्र सरकार के सामने अपनी तीन सूत्रीय मांगें रखी हैं. जिसमें ऑनलाइन दवा बिक्री पर रोक, सरकार द्वारा जारी जीएसआर को तत्काल वापस लिया जाए और ऑनलाइन फार्मेसी पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए. बड़े कॉर्पोरेट संस्थानों द्वारा दवाओं पर दिए जा रहे भारी डिस्काउंट को बंद किया जाए जिससे छोटे और स्थानीय दवा विक्रेताओं का अस्तित्व बना रहे. देश को नकली दवाओं के खतरे से बचाने के लिए कोविड के समय जारी जीएसआर को वापस लेने की मांग की गई है.

स्थानीय दवा विक्रेता संघ के द्वारा अपील की है कि वह अपनी दुकानें बंद रखकर विरोध प्रदर्शन को सफल बनाएं. प्रदेश केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन अध्यक्ष गौतमचंद धींग और महासचिव राजीव सिंघल के निर्देशानुसार प्रदेश भर में इस आंदोलन को लेकर लामबंदी तेज हो गई है. दवा विक्रेताओं का कहना है कि ऑनलाइन दवाइयों की अनियंत्रित बिक्री से न केवल उनके व्यापार पर संकट खड़ा हो गया है. बल्कि यह आम जनता के स्वास्थ्य के लिए भी खिलवाड़ है.

## कार ने बाइक चालक को रौंदा, कई बाल-बाल बचे

- रविवार की दोपहर बस स्टैंड के समीप हुआ सड़क हादसा
- कार में फंसकर कई फीट तक बाइक व चालक घिसटते गए

नवभारत न्यूज

**सीहोर 17 मई.** रविवार की दोपहर बस स्टैंड के समीप सिंधी धर्मशाला के सामने तेज रफ्तार से आ रही कार ने बाइक चालक को चपेट में ले लिया. इसके बाद भी कार नहीं रुकी और जायसवाल हास्पिटल तक बाइक व युवक उसके साथ घिसटते चले गए. लोगों ने उसका पीछा भी किया, लेकिन कार चालक ने उन्हें भी रौंदने का प्रयास किया और फिर कार सहित भागने में कामयाब हो गया. हादसे में घायल युवक को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा जहां से उसे भोपाल रेफर किया गया है. कार चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर पुलिस ने उसकी तलाश शुरू कर दी है.

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना कोतवाली अंतर्गत अंबेडकर पार्क निवासी युवक आदित्य आ. हरीप्रसाद रविवार की दोपहर बाइक से बस स्टैंड की ओर जा रहा था. तभी पीछे से तेज रफ्तार में आई कार क्रमांक एमपी 09 एटी-5339 के चालक ने वाहन को लापरवाही से चलाते हुए बाइक में टक्कर मार दी. इस हादसे में बाइक कार में उलझ गई और बाइक व चालक उसमें फंसे हुए घिसटते चले गए. आसपास मौजूद लोगों ने आवाज देकर कार चालक को रोकना चाहा, लेकिन तेज रफ्तार में वह जायसवाल अस्पताल तक पहुंच गया. पीछ करते हुए लोग जब वहां पहुंचे तो उसने कार को रिवर्स लेते हुए लोगों को कुचलने



का प्रयास किया और फिर वहां से कार सहित भाग निकलने में कामयाब हो गया. हालांकि इस दौरान उसकी कार का बम्पर और नम्बर प्लेट टूटकर मौके पर ही गिर पड़े थे. लोगों द्वारा पुलिस को सूचना देते हुए घायल युवक को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा जहां से उसे भोपाल रेफर किया गया है. मामले में थाना प्रभारी रविन्द्र यादव ने बताया कि घायल युवक की शिकायत पर आरोपी कार चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश की जा रही है. प्रत्यक्षदर्शी गुलशन जैन ने बताया कि कार चालक शराब के नशे में लग रहा था. जब लोगों ने उसका पीछा किया तो उसने गाड़ी रिवर्स लेते हुए लोगों को कुचलने का प्रयास किया था.

## बेटियां हर क्षेत्र में लहरा रहीं प्रतिभा का परचम : प्रिंस

- महक कौशल 12 वीं की परीक्षा में लाई हैं 98 प्रतिशत अंक
- नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने किया महक को सम्मानित

नवभारत न्यूज

**सीहोर 17 मई.** नगर की बेटी महक कौशल द्वारा सीबीएसई 12 वीं परीक्षा में 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर ऐतिहासिक सफलता अर्जित की है. इस उपलब्धि पर नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने राजू कौशल राजू रतलामी के निवास पर बिटिया महक कौशल को सम्मानित किया तथा शुभकामनाएं दीं.

इस मौके पर नपाध्यक्ष श्री राठौर ने कहा कि आज बेटियां हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रही हैं और समाज को नई दिशा देने का कार्य कर रही हैं. महक ने अपनी मेहनत, अनुशासन और दृढ़ संकल्प के बल पर यह सिद्ध कर दिया है कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो तो सफलता निश्चित रूप से प्राप्त होती है.

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा ही राष्ट्र निर्माण का सबसे मजबूत आधार है और युवा पीढ़ी की सफलता से ही देश एवं समाज का भविष्य सुरक्षित होता है. उन्होंने कहा कि नगर की प्रतिभाशाली बेटियां लगातार शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन कर रही हैं, जो आने वाली पीढ़ी के लिए



प्रेरणास्त्रोत हैं. नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने महक कौशल के माता-पिता को भी बधाई देते हुए कहा कि बच्चों की सफलता के पीछे परिवार का त्याग, संस्कार और सतत मार्गदर्शन महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है. उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि महक भविष्य में भी इसी प्रकार सफलता के नए आयाम स्थापित कर परिवार, समाज एवं नगर का नाम प्रदेश और देशभर में गौरवान्वित करेंगी.

## शौर्य प्रशिक्षण वर्ग हेतु दल ग्वालियर रवाना

**सीहोर.** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के वीर बजरंगी राष्ट्र-धर्म रक्षार्थ शौर्य प्रशिक्षण वर्ग हेतु ग्वालियर रवाना हुए. इस मौके पर भगवा गमछा पहनाकर बजरंगियों का सम्मान, जिलाध्यक्ष रेवाशंकर जाट, मंत्री राजेश गुप्ता, संयोजक प्रभात, धर्म प्रसार प्रमुख जगदीश कुशवाह, सुरक्षा प्रमुख राकेश ठाकुर, सह संयोजक आशीष सिसोदिया, जिला अखाड़ा प्रमुख अनिरुद्ध चौहान, नैतिक शिक्षा प्रमुख राकेश विश्वकर्मा, नगर अध्यक्ष परमवीर जाट, नगर मंत्री यज्ञेश, नगर सह मंत्री हेमंत विश्वकर्मा, नगर संयोजक समीर राय, अर्जुन सोनी, सुशील उपाध्याय द्वारा किया गया.

## एक बार फिर बिजली के तारों की चोरी

- नयाखेड़ा से झरखेड़ा के बीच 17 खंबों को किया क्षतिग्रस्त
- पिछले 10 दिनों में चोरी की यह बड़ी वारदात

नवभारत न्यूज

**इछावर 17 मई.** क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को धता बताते हुए एक बार फिर अज्ञात चोरों ने शनिवार रात को बिजली लाइन पर धावा बोलते हुए नयाखेड़ा - झरखेड़ा के बीच करीब दो किमी से अधिक लंबाई के बिजली तार चोरी कर ले गए. इस दौरान 17 खंबों को भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया . पिछले 10 दिनों में तार चोरी की यह दूसरी बड़ी घटना है. लाइन प्रभावित होने से झरखेड़ा, सिंगापुरा और लालियाखेड़ी गांवों की बिजली व्यवस्था ठप हो गई है. लोगों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है.

पिछले दिनों 4 मई को गांव हालियाखेड़ी - मौलगा के बीच हुई 24 गाले के तार की चोरी की घटना को लोग अभी भूले भी नहीं थे कि इसी बीच एक बार फिर अज्ञात चोर दीवड़िया डीसी के ही अंतर्गत आने वाले गांव नयाखेड़ा झरखेड़ा के बीच करीब दो किमी लंबाई की लाइन के चारों तार शनिवार - रविवार की मध्य रात्रि को चुरा ले गए. साथ ही 17 खंबों को भी तोड़कर धराशाही कर दिए. तार चोरी होने से झरखेड़ा, सिंगापुरा , लालियाखेड़ी आदि गांवों की बिजली सप्लाई व्यवस्था ठप हो गई है. इसके चलते ग्रामीणों कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. विद्युत वितरण कंपनी से मिली जानकारी के अनुसार लोड सेटअप के लिए शनिवार - रविवार मध्य रात्रि 2.48 से 3.48 बजे तक बिजली कटौती की गई थी. इसी दौरान चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया है. गौरतलब है कि पूर्व में हुई तारों की चोरी के मामले में पुलिस द्वारा आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है और उनसे चोरी का माल भी बरामद किया गया है. अब देखना है कि इस मामले के आरोपी कब तक गिरफ्तार होते हैं.

## पूरी रात एसपी ने लिया थानों का जायजा



- नवागत एसपी श्रीमती सोनाक्षी सक्सेना पहुंचीं कई थाने
- लंबित मामलों के निराकरण को लेकर दिए सख्त निर्देश

नवभारत न्यूज

**सीहोर 17 मई.** कानून व्यवस्था को और अधिक मजबूत एवं पुलिसिंग को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक सोनाक्षी सक्सेना ने शनिवार देर रात थाना दोराहा, श्यामपुर एवं इछावर का निरीक्षण किया.

रात्रि गश्त, सीसीटीएनएस संचालन, सुरक्षा व्यवस्था, रिकॉर्ड संधारण, साफ-सफाई तथा लंबित अपराधों के निराकरण की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए.

एसपी श्रीमती सक्सेना सबसे पहले रात 12 बजे थाना दोराहा पहुंचीं, जहां उन्होंने थाने में लगे सीसीटीवी कैमरों एवं सीसीटीएनएस प्रणाली के संचालन की जांच की. उन्होंने रात्रि गश्त में तैनात पुलिस बल को सतर्क एवं मुस्तैद रहने के निर्देश दिए. साथ ही लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर शीघ्र निराकरण करने को कहा. रात 1. 30 बजे उन्होंने थाना श्यामपुर का निरीक्षण किया. यहां माइक्रो बीट सिस्टम की समीक्षा करते हुए असामाजिक तत्वों एवं आदतन अपराधियों पर सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए. एसपी ने थाने रिकॉर्ड संधारण व्यवस्था का निरीक्षण कर रखरखाव को सुव्यवस्थित करने के निर्देश दिए. साथ ही लंबित अपराधों एवं जप्ती माल के शीघ्र निराकरण पर जोर दिया. निरीक्षण के अंतिम चरण में पुलिस अधीक्षक रात 3 बजे थाना इछावर पहुंची. यहां उन्होंने थाने के रिकॉर्ड एवं फाइलों के रखरखाव पर असंतोष व्यक्त करते हुए उन्हें शीघ्र व्यवस्थित करने के निर्देश दिए. उन्होंने लंबित अपराध, चालान, मर्ग एवं शिकायतों के निराकरण पर विशेष ध्यान देने को कहा तथा स्पष्ट निर्देश दिए कि कोई भी प्रकरण अनावश्यक लंबित न रहे.

## पेपर लीक के विरोध में निकाला मशाल जुलूस

**सीहोर.** नीट परीक्षा पेपर लीक मामले को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी ने भाजपा सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए शहर में मशाल जुलूस निकाला. कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती के नेतृत्व एवं पूर्व सांसद सुरेन्द्र सिंह ठाकुर की विशेष उपस्थिति में कोतवाली चौराहे से टॉकीज चौराहे तक मशाल जुलूस निकाला गया. इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हाथों में तख्तियां लेकर सरकार विरोधी नारे लगाए. मशाल जुलूस में विवेक राठौर, घनश्याम यादव, महेश दयाल चौरसिया, ओम वर्मा, रमेश गुप्ता, राजेंद्र वर्मा, प्रीतम दयाल चौरसिया, हरीश राठौर, इरफान लाला, गुलाब बाई ठाकुर, राकेश वर्मा आदि उपस्थित थे.

बाइक रैली | रविवार को युवाओं ने निकाली सीवन नदी परिक्रमा बाइक रैली

## जीवनदायिनी सीवन का जीवन बचाने लिया संकल्प

नवभारत न्यूज

**सीहोर 17 मई.** नदी बचाओ अभियान के अंतर्गत सीवन पुत्र-पुत्रियों द्वारा रविवार को सीवन नदी महिला घाट से सीवन नदी परिक्रमा बाइक रैली निकाली गई. भाजपा नेता सन्नी सरदार ने तिरंगा लहराकर यात्रा को रवाना किया. पहली बार आयोजित इस बाइक यात्रा में युवाओं ने हाथों में तिरंगा एवं भगवा ध्वज लेकर जयघोष के साथ सीवन नदी संरक्षण का संदेश दिया.

करीब 50 किमी से अधिक दूरी तय करने वाली इस यात्रा का नेतृत्व नदी बचाओ अभियान से जुड़े प्रदीप चावडा ने किया. यात्रा प्रारंभ होने से पूर्व सीवन नदी महिला घाट पर माता सीवन की पूजा-अर्चना की गई तथा मनकामेश्वर मंदिर से विधिवत परिक्रमा शुरू हुई. प्रदीप चावड़ा ने कहा कि सदियों पुरानी पवित्र एवं ऐतिहासिक सीवन नदी को उसके मूल स्वरूप में वापस लाने के उद्देश्य से पिछले सवा महीने से अभियान चलाया जा रहा है. इसके अंतर्गत जनजागरुकता अभियान, नदी से जलकुंभी हटाने तथा लोगों को नदी से आत्मिक रूप से जोड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं. उन्होंने कहा कि सीवन पुत्र-पुत्री बनाने की मुहिम के माध्यम से युवाओं को नदी संरक्षण से जोड़ा जा रहा है.

इस अवसर पर भाजपा नेता



सन्नी सरदार ने कहा कि सीवन नदी केवल जलधारा नहीं, बल्कि सीहोर की सांस्कृतिक पहचान है. नदी तटों पर स्थित प्राचीन मंदिर, संतों की तपोभूमि और स्वतंत्रता संग्राम से जुड़ी घटनाएं इसे ऐतिहासिक महत्व प्रदान करती हैं. उन्होंने अभियान से जुड़े सभी युवाओं के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि कठिन समय में भी नदी के संरक्षण के लिए समय देना प्रेरणादायी कार्य है.